भारत सरकार
गृह मंत्रालय
जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
जनगणना भवन प्लाट नम्बर–सीसी–1, सेक्टर–जी, अलीगंज लखनऊ–226024
(विविध प्रशासन अनुभाग)

टेण्डर संख्या वि.प्र./डीसीओ–यूपी/ए– 2367 दिनांकः– 30 सितम्बर 2014

विज्ञप्ति

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 में जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 के नवनिर्मित कार्यालय जनगणना भवन प्लाट संख्या सीसी–1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ के सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु 2 निविदा पद्धति (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा दाता अपनी मोहर व निविदा दिनांक 13.10.2014 सायं 03.00 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, जनगणना भवन प्लाट संख्या सीसी–1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ 226024 में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ से रू0 100.00 मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 12.10.2014 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः दस बजे से 01.00 बजे एवं 01.30 बजे से सायं 05.00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा। निविदा फार्म वेबसाइट संख्या www.censusindia.gov.in (Tender) से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक
दूरभाष संख्याः– 0522–2322913, 2322914
फैक्सः– 0522–2331211

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
जनगणना भवन प्लाट नम्बर–सीसी–1, सेक्टर–जी, अलीगंज लखनऊ–226024

जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 जनगणना भवन की बाह्य संस्था द्वारा साम्रगी सहित सफाई कार्य हेतु मुहर बन्द निविदाओं (वित्तीय एवम् तकनीकी) का आमंत्रण

जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के नवीन कार्यालय भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ के चारों तल, बाथरूम, फर्नीचर, विद्युत उपगृह, पंप हाउस एवं खुला एरिया जिसमें पार्किंग तथा मोटर साइकिल स्टैण्ड भी सम्मिलित है कि सफाई का कार्य साम्रगी सहित किया जाना है। जिनका विवरण निम्नवत् है :–

1.	भूतल	950.93 वर्ग मी (03 बाथरूम)
2.	प्रथम तल	1223.67 वर्ग मी (03 बाथरूम)
3.	द्वितीय तल	1223.67 वर्ग मी (02 बाथरूम)
4.	तृतीय तल	903.97 वर्ग मी (02 बाथरूम)
5.	विद्युत उप गृह	320.70 वर्ग मी
6.	पंप हाउस	20.90 वर्ग मी
7.	खुला एरिया	1424.06 वर्ग मी लगभग

उक्त कार्य हेतु दो निविदा पद्वति (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा दाता अपनी मुहरबन्द निविदायें निर्धारित पपत्र अनुलग्न 1 एवं 2 पर जनगणना भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ में दिनांक 13.10.2014 सायं 03.00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाये स्वीकार नही होगी। निविदा के सम्बन्ध में नियम व शर्ते निम्नवत लागू रहेगी :–

नियम व शर्ते

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीययकृत बैंक से जारी रू0 20,000.00 (रूपया बीस हजार मात्र) का बैक ड्राफ्ट /पे आर्डर/ एफ0डी0 अर्नेस्ट मनी के रूप में आहरण एवं वितरण अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
2. अनुबन्ध अवधि में कार्य छोड़ने पर निविदा दाता द्वारा जमा की गई सुरक्षा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
3. फर्म का पंजीयन ई.पी.एफ. संगठन, ई.एस.आई. कार्पोरेशन तथा श्रम विभाग में होना अनिवार्य है। ई.पी.एफ. संगठन, ई.एस.आई. कार्पोरेशन तथा श्रम विभाग में पंजीयन बिना फर्म का टेण्डर निरस्त माना जायेगा।
4. फर्म को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. प्रथम तल पर डीडीई अनुभाग में दो पालियों में कार्य होने पर प्रातः 6.00 बजे से सायं 2.30 बजे एवं सांय 2.30 बजे से रात्रि 11.00 बजे प्रत्येक पाली में सफाई कार्य किया जाना है तथा एयर कंडीशनर कमरों एवं कम्प्यूटरों की सफाई वैल्यूम क्लीनर्स से प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा आवश्यकतानुसार करानी होगी ताकि वहां पर धूलकण आदि साफ हो सके।
6. उपरोक्त क्षेत्रफल को दृष्टिगत रखते हुए सफाई कर्मियों/पर्यवेक्षकों की संख्या निविदा दाता को स्वयं निर्धारित करनी होगी।
7. कार्यालय में पूर्णरूप से सफाई न करने या किसी अंश की सफाई छूट जाने पर या सफाई कार्य में लापरवाही करने पर अथवा पर्याप्त मात्रा में सफाई सामग्री का उपयोग न करने पर भुगतान काटा/रोका जा सकता है।
8. कार्यालय भवन की सफाई कार्य कार्यालय समय से पूर्व ही प्रत्येक दशा में करनी होगी तथा सफाई कर्मियों को सायं 6.00 बजे तक कार्यालय में रहना होगा।

30/9/14

9. निविदा के साथ अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए अन्य विभागों की सूची जहां सफाई कार्य किया हो, स्थाई लेखा संख्या (पैन संख्या) तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतियां संनग्न करना अनिवार्य है।
10. निविदा दाता किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे सायं 5.00 बजे तक उपर्युक्त भवन जिसकी सफाई कार्य के लिए एक वर्ष हेतु अनुबन्ध किया जाना है, का निरीक्षण कर सकते हैं।
11. प्रत्येक माह के अन्त में अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी से सफाई सामग्री सहित सफाई कार्य संतोषजनक किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्राप्त कर बिल के साथ संलग्न करना होगा।
12. निविदा प्रत्येक दशा में दिनांक 13.10.2014 को सायं 03.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कोरियर द्वारा जनगणना कार्य निदेशालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार नहीं होगी
13. प्राप्त निविदा दिनांक 13.10.2014 सायं 05.00 बजे इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा निविदा दाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
14. टी0डी0एस0 की कटौती नियमानुसार कार्यालय द्वारा की जायेगी।
15. सफाई कर्मियों की आयु 20 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।
16. फर्म का मुख्यालय उ0प्र0 विशेषकर लखनऊ में होना चाहिए।
17. अनुबन्ध प्रारम्भ में एक वर्ष का होगा जिसे संतोषजनक कार्य पर दोनों पक्षों की सहमति पर एक वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है। कार्यकाल के दौरान कार्य संतोषजनक न होने पर एक माह के नोटिस पर अनुबन्ध निरस्त किया जा सकता है।
18. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक मुहर बन्द लिफाफे में रखनी होगी जिस पर स्पष्ट रूप से तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए। उक्त दोनों मुहरबन्द लिफाफों को तीसरे लिफाफे में रखना होगा। तकनीकी निविदा में वांछित प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते पूर्ण होने की दशा में ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
19. निविदा में मासिक वेतन, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 अशंदान तथा सेवा कर पृथक–पृथक दर्शाना होगा।
20. सफल निविदाओं को आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष रू0 50,000.00 मात्र की सुरक्षा धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की सावधि जमा के रूप में जमा करनी होगी। जिसकी वैधता अनुबन्ध की अवधि से 06 माह अधिक होनी चाहिए।
21. अन्य निविदाताओं की अर्नेस्ट मनी कार्यादेश जारी होने पर बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जायेगी।
22. फर्म का पिछले वित्तीय वर्ष 2013–14 में सम्बन्धित कार्य का वार्षिक टर्नओवर रू0 5,00,000.00 (रूपये पांच लाख मात्र) से कम नहीं होना चाहिए।
23. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पास सुरक्षित होगा।
24. निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का वाद–विवाद लखनऊ में ही निस्तारित किया जा सकेगा।

30/9/14

(दशरथ सिंह)
उपनिदेशक

अनुलग्न–1

सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु तकनीकी निविदा का निर्धारित पपत्र

निविदा संख्या विविध प्रशासन/डीसीओ–यूपी/ए–9367 दिनांकः–30.09.2014 के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी तकनीकी निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित सूचनायें एवं पपत्र प्रस्तुत कर रहा है।

1.	फर्म/संस्था का नाम एवं पूरा पता	
2.	दी गयी दरों की वैधता (दिनों में)	
3.	आय कर विभाग द्वारा जारी पैन नम्बर	
4.	पीएफ एवं ईएसआई से फर्म के पंजीयन की प्रति	
5.	श्रम विभाग से फर्म के पंजीयन की प्रति	
6.	सेवा कर विभाग से पंजीयन की प्रति	
7.	पिछले तीन वित्तीय वर्ष के आयकर रिर्टन की प्रति	
8.	फर्म द्वारा सरकारी/अर्धसरकारी /उद्योग सेक्टर इत्यादि में किये गए कार्य से सम्बन्धित कार्यदेश की प्रतियां	
9.	फर्म/संस्था का संक्षिप्त विवरण	
10.	जमा अर्नेस्ट मनी (ईएमडी) का विवरण	
	काई अन्य क. ख. ग.	

हस्ताक्षर.....

नाम.....

मोहर.....

30/9/14

अनुलग्न–2

सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु वित्तीय निविदा का निर्धारित पपत्र

निविदा संख्या विविध प्रशासन/डीसीओ–यूपी/ए–2367 दिनांकः–30.09.2014 के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी वित्तीय निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित सूचनायें एवं पपत्र प्रस्तुत कर रहा है।

1.	फर्म का नाम	
2.	पता	
3.	टेलीफोन नम्बर	
4.	सम्बन्धित व्यक्ति	

सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु दी गयी दरों का विवरण

मासिक दर बेसिक+डीए	पीएफ अंशदान रू	ईएसआई अंशदान	अन्य चार्जेस जैसे– सेवा कर, फर्म का सर्विस चार्ज इत्यादि	कुल दर प्रति माह	प्रति दिन की दर

हस्ताक्षर.....

नाम.....

मोहर.....

30/9/14